सार-समाचार

भरतपुर में अग्रवाल पेंशनर्स समिति ने पौधारोपण किया

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला अग्रवाल पेंशनर्स सेवा समिति द्वारा सोमवार को जवाहर नगर डी ब्लॉक स्थित नर्वदेश्वर महादेव पार्क में विभिन्न तरह के लगभग 45 पौधे लगाकर प्यार्वरण संरक्षण का संदेश दिया। समिति ने बरगद, शीशम, नीम, अशोक, पारिजात, कदम्ब, अर्जुन,चम्पा, गुडहल, गुलमौहर, अमलतास, वेलपत्र आदि के छायादार एवं फूलों वाले पौधे लगाये। इस मौके पर समिति अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, महामंत्री दीनदयाल गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील बंसल, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता, सी.एम. गुप्ता, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, रामावतार गुप्ता, सत्य प्रकाश बंसल, डॉ. अशोक अग्रवाल, महेन्द्र भूषण गुप्ता, वेदप्रकाश सिंघल, सुधीर मित्तल, शिवनाथ गोयल, सुरेशचंद अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,डॉ. सतीश चंद अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, अनिल अग्रवाल सहित बडी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

अधिशाषी अधिकारी पूनम सिंह ने कार्यभार संभाला

सूरौठ(निसं)। नगरपालिका सूरौठ में अधिशाषी अधिकारी रीना खंडेलवाल के स्थानांतरण के बाद नव नियुक्त अधिशाषी अधिकारी पूनम सिंह ने सोमवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर कस्बे के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं नगरपालिका अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर किया स्वागत सम्मान,इस दौरान समाजसेवी पुरुषोत्तम बंशीवाल, केदार मीना, सत्येन्द्र बंशीवाल बृजेश भारद्वाज, विनोद बंशीवाल, बत्तू मेम्बर, रामस्वरूप बाबूजी, महेन्द्र वाल्मीकि, मनीष मुरली, रामबाबू सरस, गुमान धुरसी और गुरुदत्त सरस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यभार संभालने के बाद अधिशाषी अधिकारी पूनम सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगरपालिका क्षेत्र का समग्र विकास, स्वच्छ एवं सुंदर नगर का निर्माण तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान रहेगा। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ-साथ विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा।

करणपुर धाम के लिए मासिक बस यात्रा रविवार को जाएगी

गंगापुर सिटी (निसं)। मां गुमानो बीजासनी देवी सेवा समिति के तत्वावधान में 19 जुलाई आषाढ सुदी छठ रविवार को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए मासिक बस यात्रा दोपहर 3 बजे थोक फल सब्जी मंडी उदेई मोड से प्रस्थान करेगी, जो शाम 6 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष महेशचंद शर्मा, महामंत्री कैलाश चन्द गुप्ता सैमरदा व बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल चूडी वालों ने माता रानी के सभी भक्तों से यात्रा में ज्यादा से ज्यादा चल कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। वापसी में कैलादेवी व खोहरी के दर्शन कराए जायेंगे। बसयात्रा में सीट बुक करवाने के लिए बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल (चूडी वाले), विष्णु गुप्ता करणपुर, महेश शर्मा (पत्रकार), कैलाश चन्द गुप्ता सैमरदा वालो से सम्पर्क कर सीट बुक करवा सकते है।

कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष अलका मीना ने टीकाराम जूली से मुलाकात की

करौली (निसं)। कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष अलका मीना ने राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से शिष्टाचार मुलाकात कर सपोटरा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान अलका मीना ने सपोटरा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुएआमजन को आ रही परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत विचारविमर्श किया।नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाने का भरोसा दिलाते हुए कहा किजनता से जुड़े मुद्दों को विधानसभा सहित हर उचित मंच पर मजबूती से रखा जाएगा।

राजधारा ऐप में लोधा जाति का अलग कॉलम जोड़ने की मांग

भरतपुर (निस)। आलोक संघ भरतपुर एवं लोधा महासभा जिला इकाई भरतपुर के प्रतिनिधिमंडल ने उपखण्ड अधिकारी भरतपुर को ज्ञापन सौंपकर राजधारा ऐप में जाति संबंधी कॉलम में संशोधन की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान में ऐप के जाति कॉलम में लोधी अंकित है, जबकि लोधा जाति का अलग से कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इससे लोधा समाज के लोगों को विभिन्न कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से राजधारा ऐप में जाति का पृथक कॉलम जोड़ने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में भगवान सिंह लोधा (अध्यक्ष, लोधा महासभा जिला इकाई भरतपुर), नवल सिंह लोधा (प्रांतीय अध्यक्ष, आलोक संघ), श्याम सिंह लोधा (सेवानिवृत्त ए.ई.एन.), वैद्य गोविन्द सिंह लोधा, सहित समाज के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का फूटा आक्रोश, सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- रैली निकालकर किया प्रदर्शन, आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी

गंगापुर सिटी (निसं)। अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ (सीटू) के बैनर तले आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों ने सोमवार को अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कस्बे में रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। यह रैली तहसील अध्यक्ष मीनाक्षी टेलर के नेतृत्व में सुबह 11 बजे महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, पंचायत समिति परिसर से शुरू हुई। रैली पंचायत समिति, कोर्ट सर्किल, कचहरी रोड, कोतवाली थाना, व्यापार मंडल चौपड़, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज और फव्वारा चौक होते हुए मिनी सचिवालय पहुंची।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। मिनी सचिवालय पहुंचने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और साथिनों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य स्तरीय आह्वान पर प्रदेशभर में 8 जुलाई से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और आशा सहयोगिनियां अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

ज्ञापन में चुनावी घोषणा के अनुरूप समान कार्य के लिए सम्मानजनक मानदेय की मांग की गई है। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपए की एकमुश्त सहायता, समय पर मानदेय भुगतान और अतिरिक्त कार्यभार कम करने की मांग भी दोहराई गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनसे पोषण ट्रैकर, ऑनलाइन रिपोर्टिंग, शाला पूर्व शिक्षा, पोषाहार वितरण, फेस मैच, बच्चों का वजन, विभिन्न सर्वे और नैपकिन वितरण जैसे अतिरिक्त कार्य भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एसएसओ आईडी बंद होने से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तहसील अध्यक्ष मीनाक्षी टेलर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। इस प्रदर्शन में प्रभात शर्मा, शिमला शर्मा, दीक्षा शर्मा, गुड्डी शुक्ला,इन्द्रा शर्मा, अलका शर्मा, सुधा सिंह, पिंकी, सीमा गुप्ता, सुमन गुर्जर, मनोहर देवी, सुनीता सेन, प्रमोद, कृष्णा देवी, समय बाई, रेखा मीणा, तारावती, सोनू और निर्मला बैरवा सहित बडी संख्या में आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मौजूद रहीं।

दुर्घटनाओं की आशंकाओं के चलते स्पीड ब्रेकर की मांग

- एसडीएम ऑफिस में ज्ञापन सौंपा, पीडब्ल्यूडी अभियंता से भी मिले ग्रामीण

गंगापुर सिटी (निसं)। ग्राम पंचायत महूकलां में पोस्ट ऑफिस से गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल तक की मुख्य सड़क पर बढ़ते यातायात और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। समाजसेवी आरसी गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपजिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उपजिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीणा की अनुपस्थिति में उनके रीडर को यह ज्ञापन सौंपा गया। इसमें ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि यह मार्ग क्षेत्र के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है। इस सड़क से प्रतिदिन स्कूल बसें, छात्र-छात्राएं, दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। सड़क के आसपास बैंक, मंदिर सहित कई सार्वजनिक स्थल होने के कारण दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है, जिससे विशेषकर स्कूली बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में है। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता बदन सिंह गुर्जर से भी मुलाकात की। उन्होंने सड़क पर आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग रखी, जिससे तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। अधिशासी अभियंता बदन सिंह गुर्जर ने समस्या का शीघ्र समाधान कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें : संभागीय आयुक्त

- बैठक में सम्भाग के सभी जिलों के संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया

धौलपुर, (निसं)। संभागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष सम्भाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति भरतपुर नलिनी कठौतिया की अध्यक्षता में सोमवार को सम्भाग स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्भाग के सभी जिलों के संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

बैठक में सम्भाग के अंतर्गत घटित सड़क दुर्घटनाओं का जिलेवार विश्लेषण करते हुए दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की समीक्षा की गई। सम्भागीय आयुक्त ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के लिए परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए घायलों को गोल्डन ऑवर के दौरान त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए चिकित्सा विभाग, एम्बुलेंस सेवाओं एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में सड़क सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। सम्भागीय आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सम्भाग में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली जनहानि में प्रभावी कमी लाई जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किए गए।

सड़क पर जमा बारिश का पानी, ग्रामीणों ने नारेबाजी कर लगाया जाम

- नदबई नगर सड़क मार्ग पर करीली समीप जाम, तहसीलदार की समझाइश पर निपटा मामला

नदबई भरतपुर (निस)। नदबई क्षेत्र के गांव करीली में राजकीय सीनियर विद्यालय के मुख्य रास्ते पर बारिश का पानी एकत्रित होने व छोटे-छोटे बच्चों सहित बुजुर्ग व महिलाओं को गंदे पानी के बीच निकलने से गुस्साएं ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी के बीच प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। जिसके चलते नदबई-नगर सड़क मार्ग पर वाहनों का संचालन बाधित हो गया। तहसीलदार तरुण कुमार ने पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंच ग्रामीणों से समझाइस की। वहीं, मोटर की सहायता से सड़क पर एकत्रित गंदे पानी की निकासी शुरु होने पर करीब दो घंटे बाद मामला शांत हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि, विगत कई दिनों से करीली स्थित पोखर का ओवर फ्लो पानी सड़क पर एकत्रित हो रहा। सड़क पर पानी एकत्रित होने से ग्रामीणों को परेशानी से जूझना पड़ रहा।

इतना ही नहीं, राजकीय सीनियर विद्यालय का मुख्यद्वार होने के चलते छोटे-छोटे बच्चों को गंदे पानी से निकलना मजबूरी हो रहा। ग्राम पंचायत व विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समस्या समाधान नहीं होने से गुस्सांए ग्रामीणों ने नारेबाजी के बीच प्रदर्शन किया। वहीं, नदबई-नगर मार्ग पर जाम लगा दिया। सड़क पर जाम लगाने की सूचना से पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया। तहसीलदार तरुण कुमार व लखनपुर थाना प्रभारी विजय सिंह छौंकर ने पुलिस जाब्ते के बीच मौके पर पहुंचते हुए ग्रामीणों से समझाइस करने का प्रयास किया। लेकिन, ग्रामीण मौके पर ही स्थायी समस्या समाधान की जिद पर अड़ गए। बाद में ग्राम पंचायत के सहयोग से मोटर लगाते हुए पानी निकासी शुरु होने पर करीब दो घंटे बाद मामला शांत हुआ।

हाईवे सड़क पर बेतरतीब दौड़ते वाहन, सड़क सुरक्षा अभियान की उड़ा रहे हैं धज्जियां

करौली (निसं)। पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा भले ही सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा हो लेकिन करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचो-बीच होकर निकल रहे हाईवे सड़क मार्ग पर बेतरतीब दौड़ते वाहन सड़क सुरक्षा अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं जिनके खिलाफ कार्रवाई करने से पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग भी मूकदर्शक बना हुआ है।

पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिलेभर में सड़क सुरक्षा अभियान चलते रहते हैं और जिस अभियान के तहत भोले भाले वाहन चालको के चालान काटकर अपनी प्रगति दिखाकर भले ही बाह बाह लूट रहे हो लेकिन प्रभावशाली लोगों के वाहनों पर लिखे उपनाम एवं सरकारी वाहनों के लगे प्रतीक चिन्हो के अलावा लग्जरी वाहनों में लगी काली फिल्मों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने से सड़क सुरक्षा अभियान मैं पुलिस और परिवहन विभाग पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। गंभीर प्रद बात तो यह है कि जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचों-बीच होकर निकल रहे हाईवे सड़क मार्ग के बीच में लगी रेलिंग और हाईवे सड़क मार्ग पर दिनभर रॉन्ग साइड से दौड़ते वाहन सड़क सुरक्षा अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

यूरिया खाद के लिए भूतौली में उमड़े किसान

हलैना भरतपुर (निस)। यूरिया खाद की किल्लत एवं कालाबाजारी की रोकथाम के लिए कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ.देशराज सिंह एवं उप निदेशक डॉ.राधेश्याम मीणा ने जिले में टीम गठित करके समस्त विभागीय अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को निर्देश जारी कर रखे है कि जहां भी खाद की कालाबाजारी एवं जमाखोरी नजर आए,उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करे और किसानों को उचित दर यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध कराए।

सोमवार को वैर तहसील के गांव भूतौली एवं भुसावर तहसील के गांव इटामडा में यूरिया खाद का बेचान हुआ और खाद की भनक लगने पर भारी सख्यां में किसान उमड पडे। इन गांव में कृषि विभाग की टीम के समक्ष आधार कार्ड से खाद उपलब्ध कराया गया। बयाना के कृषि अधिकारी मुनीम सिंह ने बताया कि एनएफएल कम्पनी का किसान यूरिया के रविवार की देर सायं गांव भूतौली एवं इटामडा 500 कट्टे किसान यूरिया के आए। जिनकी सोमवार को दोनों गांव की फर्मो का स्टाक रजिस्टर के आधार पर गोदाम की जांच कर ब्रिकी कृषि विभाग की टीम के समक्ष करने के निर्देश जारी किए।

यू.डी. टैक्स नोटिस के विरोध में कोली समाज का आक्रोश, मुख्यमंत्री व कलैक्टर को ज्ञापन दिया

भरतपुर (निस)। कोली समाज, बीनारायण गेट, बाहर भरतपुर के समस्त निवासियो ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एंव जिला कलक्टर को पत्र लिखकर कोली समाज, बगीची, भरतपुर के सन्दर्भ में नगर निगम आयुक्त द्वारा यू.डी टैक्स नोटिस दिये जाने के सम्बन्ध में अपना आक्रोश प्रकट किया है।

कोली समाज, बीनारायण गेट, भरतपुर के समस्त नागरिकों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र लिखकर हमारे कोली समाज, बगीची, भरतपुर को पत्र देकर नगर निगम भरतपुर ने यू.डी. टैक्स का नोटिस भेजा है जबकि कोली बगीची के किसी विशेष व्यक्ति की सम्पत्ति नही है। यह कोली समाज बगीची 200 परिवारो कोली समाज की बगीची है जिसमें कई मन्दिर, पूजा अर्चना के लिये बने है।

इस बगीची मे साल के प्रत्येक त्यौहारो पर समाज के लोग पैसा इकठ्ठा कर अन्नकूट प्रसादी, महाशिवरात्रि, जन्माष्टिमि सभी त्यौहारो पर हर प्रकार के आयोजन पूजा पाठ करते है। हम सब गरीब तबके के व्यक्ति है हमारे मौहल्ले में जगह न होने के कारण अपनी बहन बेटियो की शादियां बगीची परिसर में ही करते है। यह कोली बगीची न कोई ट्रस्ट है और न कोई सोसायटी और ना ही कोई व्यवसायिक धर्मशाला है न ही कोई महंत, पंडित पुजारी है। हमारे समाज के लोग ही कोली बगीची की साफ सफाई समाज के लोग ही करते है और हमारे कोली समाज बगीची यू.डी. टैक्स की श्रेणी में नही आती है।

अक्खे का पुरा में तलाई की गंदगी और अतिक्रमण से ग्रामीण परेशान, उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास जलभराव से पनप रहे जहरीले कीड़े, बाबा साहेब की प्रतिमा के पास भी बदहाली का आलम, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हिंडौन सिटी(निसं)। उपखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खेड़ी हैवत के गांव अक्खे का पुरा में इन दिनों आमजन और स्कूली बच्चे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। गांव में स्थित तलाई की बदहाली, व्यापक गंदगी, रास्तों में जलभराव और सार्वजनिक भूमि व खेतों को जाने वाले आम रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरोध में आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इस गंभीर समस्या के स्थायी निराकरण के लिए ग्रामीणों ने एकजुट होकर उपखंड अधिकारी हिंडौन सिटी को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर अतिशीघ्र कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

एसडीओ को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बीचों-बीच स्थित तलाई वर्तमान में भारी गंदगी और सड़ांध का केंद्र बन चुकी है। तलाई की नियमित सफाई न होने के कारण वहां से भयंकर दुर्गंध फैल रही है, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि तलाई के गंदे और ठहरे हुए पानी में जहरीले कीड़े और मच्छर भारी तादाद में पनप रहे हैं, जिससे गांव में संक्रामक बीमारियों और महामारी फैलने का अंदेसा लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि गांव का राजकीय प्राथमिक विद्यालय भी इसी अव्यवस्था की जद में है। स्कूल परिसर और उसके आसपास भारी मात्रा में जलभराव होने तथा गंदे पानी की निकासी न होने के कारण छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

साथ ही, स्कूल के नजदीक ही बनी नालियां पूरी तरह से अवरुद्ध हो चुकी हैं। ज्ञापन में मुख्य रूप से खेतों की ओर जाने वाले 20 फीट चौड़े मुख्य सार्वजनिक रास्ते का मुद्दा उठाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे किसानों और उनके वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। इसके अलावा, विद्यालय परिसर में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा (स्टैच्यू) के आसपास भी साफ-सफाई व रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है।

प्रशासन को चेतावनी : ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव रिंकू खेड़ी हैवत ने कहा कि प्रशासन को ग्रामीणों की जायज और बुनियादी समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। यदि खेतों को जाने वाले इस 20 फीट चौड़े रास्ते से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और तलाई की सफाई व जलभराव की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर धारासिंह, प्रताप सिंह, गौरव, प्रेमसिंह, महाराज सिंह जाटव, स्थानीय विद्यालय के संस्थाप्रधान सहित रामदेव, सुशील, प्रवीण और अक्खे का पुरा के समस्त ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

OFFICE: CHIEF BLOCK EDUCATION OFFICER
SAMAGRA SHIKSHA ROOPWAS, BHARATPUR
S.No. 26 DATE : 23-06-2026

NOTICE INVITING BID
NIB CODE- EED2627A0191

Interested participants are invited for ICT Lab auction (E-WASTE certified firm compulsory) in various schools up to 10:00 AM on specifics date and places other particulars of the ICT Lab auction may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan. gov.in) of the state and concern schools.

Ict lab approximate total amount – 1500000 @ per school-280000

UBN No.- EED2627GSOB00211

Chief Block Education Officer
Samagra shiksha,
Roopwas, Bharatpur